हिन्दी | Hindi

उपभोक्ता संरक्षण युक्तियाँ

आप्रवासी

कार्यस्थल और बाज़ार-स्थल में आप्रवासी अनूठी चुनौतियों का सामना करते हैं। उपभोक्ता और श्रमिक संरक्षण विभाग (Department of Consumer and Worker Protection) ने अप्रवासियों को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित करने और वे मदद के लिए कहां जाएं, इस बारे में बताने के लिए ये टिप्स बनाई हैं।

भीतर के लिए:

आप्रवासन सहायता सेवाएँ पृष्ठ 3
रोज़गार एजेंसियाँ पृष्ठ 5
वित्त पृष्ठ 8
कर संबंधी तैयारी पृष्ठ 11

NYC Consumer and Worker Protection | Mayor's Office of Immigrant Affairs | Small Business Services

आप्रवासियों के लिए उपभोक्ता संरक्षण युक्तियाँ:

आप्रवासन सहायता सेवाएँ

इससे पहले कि आप आगे पढ़ें...

निःशुल्क सहायता प्राप्त करें।
City सुरक्षित, निःशुल्क आप्रवासन क़ानूनी स्क्रीनिंग प्रदान करता है। nyc.gov/immigrants पर जाएं या **1-800-354-0365**।
निःशुल्क सहायता और अन्य संसाधन देखें।

अगर आप किसी आप्रवासन सहायता सेवा प्रदाता के साथ काम करते हैं, तो ये युक्तियाँ आपकी सहायता के लिए हैं।

आप्रवासन सहायता सेवा प्रदाता वे लोग या व्यवसाय हैं जो किसी तरह की आप्रवासन सम्बन्धी सेवाओं के लिए शुल्क लेते हैं। ये वकील नहीं हैं। इनके पास आप्रवासन सलाह देने के लिए सरकार की अनुमति नहीं है।

इन प्रदाताओं को निम्नलिखित की अनुमति होती है:

- दस्तावेज़ का अनुवाद और नोटरी करना।
- आपको दस्तावेज़ इकठ्ठा करने में सहायता करना (जैसे जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल रिकॉर्ड)।
- आवेदन फ़ॉर्म टाइप करना (लेकिन *सवालों* का जवाब देने के तरीके के बारे में सलाह न देना)।
- फ़ोटोग्राफ़ों या चिकित्सा-संबंधी परीक्षणों की व्यवस्था करना।
- अंग्रेज़ी भाषा या नागरिक विज्ञान परीक्षणों की तैयारी करने में आपकी सहायता करना।

इन प्रदाताओं को निम्नलिखित की अनुमति *नहीं* है:

- आपके द्वारा प्रस्तुत करने के लिए आप्रवासन फ़ॉर्म चुनना।
- प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़ के बारे में क़ानूनी सलाह देना।
- आपके आप्रवासन विकल्प समझाना।
- आपके मामले पर यू.एस. नागरिकता और आप्रवासन सेवाएँ (U.S. Citizenship and Immigration Services) (USCIS) के साथ चर्चा करना।

युक्तियाँ

- इसे जानें कि जब आप किसी प्रदाता के पास जाते हैं, तो आपको कौन-से आवेदन फ़ॉर्म फ़ाइल करने हैं।
- सिर्फ़ उन्ही प्रदाता के पास जाएँ जिनके पास भौतिक स्थान हैं। कभी भी ऐसे प्रदाता का इस्तेमाल मत करें जिस तक आप केवल फ़ोन या ईमेल के ज़रिये पहुँच सकते हैं।
- कभी भी किसी ऐसे प्रदाता पर भरोसा न करें जो दावा करता है कि उसका आप्रवासन अधिकारियों पर विशेष प्रभाव है।
- प्रदाताओं को सेवाएं प्रदान करने से पहले आपके साथ लिखित अनुबंध पर हस्ताक्षर करने होंगे। अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से पहले उसे पढ़ लें। अपने रिकॉर्ड के लिए प्रतिलिपि रख लें।
- मूल दस्तावेज़ न दें (जैसे विवाह प्रमाण पत्र)। इसकी बजाय प्रतिलिपियाँ दें।
- लिखित रसीद लें। सुनिश्चित कर लें की रसीद पर प्रदाता का नाम और पता है।
- किसी रिक्त या अपूर्ण फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर न करें। आग्रह करें कि प्रदाता आपके लिए जो भी फ़ॉर्म बनाए, वह उस पर हस्ताक्षर करे।
- प्रदाताओं को आपकी सुरक्षा के लिए बॉन्ड अवश्य बनाए रखना चाहिए। बॉन्ड कंपनी या बैंक का नाम और संपर्क जानकारी लिख लें। अगर आपका नुक़सान होता है, तो आप प्रदाता या उसकी बॉन्ड कंपनी से पैसा वसूल करने के लिए न्यायालय में जा सकते हैं।
- उपभोक्ता और श्रमिक संरक्षण विभाग (Department of Consumer and Worker Protection, DCWP) को nyc.gov/dcwp पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें या अपनी भाषा में शिकायत दर्ज करने के लिए 311 पर संपर्क करें। शिकायत करने के लिए आपको अपना नाम या अपनी आप्रवासन स्थिति देने की ज़रूरत नहीं होती। *नोट:* अगर आप चाहते हैं कि DCWP आपसे संपर्क करे, तो आपको अपना नाम और पता देना होगा।
- किसी अटर्नी के बारे में शिकायत फ़ाइल करने के लिए 311 पर कॉल करें या nycourts.gov पर जाएं और "अटर्नी अनुशासन/शिकायत समिति" खोजें।

ख़बरदार...

न्यू यॉर्क राज्य में, नोटरी पब्लिक या नोटरियो पब्लिको, अटर्नी नहीं होता। नोटरी पब्लिक क़ानूनी सलाह नहीं दे सकता, क़ानूनी कागजात का मसौदा तैयार नहीं कर सकता, या दस्तावेज़ों की क़ानून-सम्मत समीक्षा नहीं कर सकता।

कभी भी रिक्त सरकारी फ़ॉर्मों के लिए भुगतान न करें। फ़ॉर्म USCIS वेबसाइट uscis.gov पर निःशुल्क उपलब्ध हैं। प्रदाताओं को निःशुल्क फ़ॉर्म देने की ज़रूरत नहीं होती।

निःशुल्क सहायता

- NYC आपके समुदाय में आपकी अपनी भाषा में सुरक्षित, मुफ्त आप्रवासन कानूनी जांच प्रदान करता है। इसे देखें: nyc.gov/immigrants या 1-800-354-0365।

महत्वपूर्ण

- सीधी सामाजिक सेवाएँ प्रदान करने वाली शहरी एजेंसियों को आपकी प्रथम भाषा में व्याख्या और अनुवाद की व्यवस्था करनी होगी।
- शहरी एजेंसियाँ आप्रवासन स्थिति के बारे में तब तक नहीं पूछ सकतीं जब तक कि यह किसी लाभ या सेवा की पात्रता निर्धारित करने के लिए ज़रूरी न हो।

- निःशुल्क आप्रवास सलाह या सहायता पर जानकारी के लिए न्यू यॉर्क राज्य आप्रवासन हॉटलाइन को 1-800-566-7636 या 1-212-419-3737 पर कॉल करें।

अन्य संसाधन

- आप्रवासियों के लिए अन्य उपभोक्ता सुरक्षा युक्तियाँ पढ़ें:
  - रोज़गार एजेंसियाँ
  - वित्त
  - कर संबंधी तैयारी
- अधिक जानकारी के लिए nyc.gov/dcwp पर जाएं, जिसमें नमूना आप्रवास सहायता सेवा अनुबंध शामिल है।
- आप्रवासी मामलों के मेयर का कार्यालय (MOIA): आप्रवासियों के लिए क़ानूनी और City सेवाओं के बारे में जानकारी के लिए nyc.gov/immigrants पर जाएं।
- अमेरिकी नागरिकता और आप्रवासन सेवाएं (U.S. Citizenship and Immigration Services) (USCIS): USCIS फ़ॉर्मों के लिए uscis.gov पर जाएं या 1-800-870-3676 पर कॉल करें।
- न्यू यॉर्क अटर्नी जनरल का कार्यालय: अतिरिक्त जानकारी और संसाधनों के लिए ag.ny.gov पर जाएं और "आप्रवासन धोखाधड़ी" की खोज करें।
- संघीय व्यापार आयोग (Federal Trade Commission) (FTC): अतिरिक्त जानकारी और संसाधनों के लिए ftc.gov पर जाएं और "आप्रवासन घोटाले" खोजें। पढ़ें:
  - आप्रवासियों के विरुद्ध घोटाले
  - घोटालों को पहचानना, उनसे बचना और उनकी रिपोर्ट करना: हाल के शरणार्थियों और आप्रवासियों के लिए धोखाधड़ी पुस्तिका
- न्यू यॉर्क सिटी बार संघ: अटर्नी रैफ़रल के लिए 1-212-626-7373 पर कॉल करें।

आप्रवासियों के लिए उपभोक्ता संरक्षण युक्तियाँ:

रोज़गार एजेंसियाँ

इससे पहले कि आप आगे पढ़ें...

रोज़गार एजेंसी क्या है?
रोज़गार एजेंसी शुल्क लेकर नियोक्ता को कर्मचारी दिलवाने और नौकरी ढूँढ़ने वालों को काम दिलवाने में सहायता करती है।

निःशुल्क सहायता प्राप्त करें।
City काम ढूँढ़ने वालों के लिए निःशुल्क सहायता प्रदान करता है। nyc.gov/workforce1 पर जाएं या 311 पर कॉल करें और निःशुल्क Workforce1 करियर सेंटर ढूँढ़ने के लिए कहें।

अगर आप कोई रोज़गार ढूँढ़ने के लिए किसी रोज़गार एजेन्सी के साथ काम करते हैं, तो ये युक्तियाँ आपकी सहायता के लिए हैं।

सामान्य युक्तियाँ

- **लाइसेंस प्राप्त रोज़गार एजेंसी का इस्तेमाल करें।** रोजगार एजेंसियों के पास उपभोक्ता और श्रमिक संरक्षण विभाग (Department of Consumer and Worker Protection, DCWP) लाइसेंस होना जरूरी है।

  लाइसेंस और शिकायत इतिहास की जाँच करने के लिए nyc.gov/dcwp पर जाएं या **311 पर कॉल करें**।

  महत्वपूर्ण

  - रोज़गार एजेंसियाँ प्रशिक्षण कक्षाओं या प्रमाणन जैसी अन्य सेवाओं के लिए आपसे शुल्क नहीं ले सकतीं।
  - क्या आप सुरक्षा प्रशिक्षण स्कूल में हैं? इसे न्यू यॉर्क राज्य के आपराधिक न्याय सेवा प्रभाग में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए।
  - क्या आप बारटेंडिंग स्कूल में हैं? न्यू यॉर्क राज्य का स्वामित्व स्कूल पर्यवेक्षण का ब्यूरो बारटेंडिंग स्कूलों की निगरानी करता है।

- **उन रोज़गार एजेंसियों का इस्तेमाल न करें जो नौकरी की "गारंटी" देती हैं।** रोज़गार एजेंसियाँ आपके लिए नौकरी खोजने की गारंटी नहीं दे सकतीं। एजेंसियाँ आपको केवल उपलब्ध नौकरियों के लिए रैफ़र कर सकती हैं और जो कम-से-कम न्यूनतम वेतन देती हैं।

  न्यूनतम वेतन न्यू यॉर्क राज्य और संघीय क़ानून द्वारा तय किया जाता है। न्यू यॉर्क राज्य के न्यूनतम वेतन के लिए dol.ny.gov पर जाएं।

- **जानें कि रोजगार एजेंसी का शुल्क कैसे काम करता है।** रोजगार एजेंसियां आपको नौकरी पर रखने से पहले कोई शुल्क नहीं ले सकतीं।

  यह शुल्क कानून द्वारा निर्धारित अधिकतम राशि से अधिक नहीं हो सकता।

  रोजगार एजेंसी के कानूनों और नियमों के लिए nyc.gov/dcwp पर जाएं, जिसमें शुल्क की जानकारी है।

  अगर एजेंसी ने आपसे शुल्क वसूला है तो आपको पूर्ण धन-वापसी का अधिकार है:

  - अग्रिम शुल्क, जमा राशि शुल्क, पंजीकरण शुल्क, आवेदन शुल्क, या साक्षात्कार शुल्क। या
  - आपको किसी अन्य रोजगार एजेंसी या प्रशिक्षण स्कूल में भेजने के लिए। या
  - प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, फोटोग्राफ़, या बायोडाटा समीक्षा जैसी किसी अतिरिक्त मद के लिए।

- **सटीक, लिखित अनुबंध की माँग करें।** एजेंसी को आपको हस्ताक्षर करने से पहले पूरा अनुबंध देना होगा। आपके अनुबंध में निम्नलिखित होने चाहिए:
  - एजेंसी का नाम, पता और DCWP लाइसेंस नंबर
  - काम का प्रकार
  - मूल्य
  - शुल्क भुगतान समयावली

  यह सुनिश्चित करें कि लिखित करार आपके बोले हुए करार से मेल खाता हो।

  हस्ताक्षर से पहले, एजेंसी से आपके सभी प्रश्नों के उत्तर लिखित में लें।

  एजेंसी को आपको अनुबंध की प्रतिलिपि और हर भुगतान की रसीद देनी होगी। सभी प्रतिलिपियाँ सुरक्षित जगह पर रखें।

- **गैर-क़ानूनी सवालों के जवाब न दें।** जब तक वे कार्य के लिए मान्य योग्यताएँ नहीं हैं, तब तक नियोक्ता या एजेंसी द्वारा इनके बारे में सवाल पूछना गैर-क़ानूनी है:
  - उम्र
  - प्रजाति
  - पंथ
  - धर्म
  - रंग
  - राष्ट्रीय मूल
  - लिंग
  - विकलांगता
  - वैवाहिक स्थिति
  - पार्टनरशिप स्थिति
  - देखभाल-कर्ता स्थिति
  - यौन झुकाव
  - परदेशीय या नागरिकता की स्थिति

- **DCWP में शिकायत दर्ज करें।** DCWP में nyc.gov/dcwp पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें या अपनी भाषा में शिकायत दर्ज करने के लिए 311 पर संपर्क करें। शिकायत करने के लिए आपको अपना नाम या अपनी आप्रवासन स्थिति देने की ज़रूरत नहीं होती। *नोट*: अगर आप चाहते हैं कि DCWP आपसे संपर्क करे, तो आपको अपना नाम और पता देना होगा।

ख़बरदार...

शिकार बनाने वाले स्कूल

NYC में सैंकड़ों मुनाफ़े-वाले स्कूल हैं। इनके पाठ्यक्रमों में वातानुकूलन मरम्मत और कॉस्मेटलोजी से लेकर चिकित्सा-संबंधी तकनीशियन प्रशिक्षण तक शामिल हैं। कुछ स्कूल विद्यार्थियों को गुमराह करते हैं। वे निम्नलिखित चीज़ें कर सकते हैं:

- आपसे बहुत-सी वित्तीय सहायता निकलवा सकते हैं।
- आपके स्नातक होने के बाद आपको नौकरी की "गारंटी" दे सकते हैं।
- आपसे आपकी डिग्री की क़ीमत के बारे में झूठ बोल सकते हैं, जिसमें यह शामिल है कि आपके क्रेडिट दूसरे स्कूल में स्थानांतरित होंगे या नहीं।

याद रखें:

- वित्तीय सहायता आम तौर पर ऋण होता है, जो आपको चुकाना पड़ेगा। यह स्कॉलरशिप नहीं होती।
- बहुत सारे स्कूलों का अनुसन्धान कर लें।
- जिस दिन आप स्कूल में जाएँ, उसी दिन साइन अप न करें।
- स्कूल की शिक्षण शुल्क रद्द करने संबंधी नीति लिखित रूप में प्राप्त करें।

उच्चतर शिक्षा स्कूल के विरुद्ध शिकायत दाखिल करने के लिए **311 पर कॉल करें।**

निःशुल्क सहायता

- nyc.gov/workforce1 पर जाएं या 311 पर कॉल करें और निःशुल्क Workforce1 करियर सेंटर ढूँढ़ने के लिए कहें।
- nyc.gov पर जाएं या 311 पर कॉल करें और निःशुल्क और कम लागत के वयस्क शिक्षा कार्यक्रमों के बारे में पूछें।

महत्वपूर्ण

- सीधी सामाजिक सेवाएँ प्रदान करने वाली शहरी एजेंसियों को आपकी प्रथम भाषा में व्याख्या और अनुवाद की व्यवस्था करनी होगी।
- शहरी एजेंसियाँ आप्रवासन स्थिति के बारे में तब तक नहीं पूछ सकतीं जब तक कि यह किसी लाभ या सेवा की पात्रता निर्धारित करने के लिए ज़रूरी न हो।

अन्य संसाधन

- आप्रवासियों के लिए अन्य उपभोक्ता सुरक्षा युक्तियाँ पढ़ें:
  - वित्त
  - आप्रवासन सहायता सेवाएँ
  - कर संबंधी तैयारी
- अधिक जानकारी के लिए nyc.gov/dcwp पर जाएं, जिसमें ये शामिल हैं:
  - नौकरी ढूँढ़ने वालों का अधिकार संबंधी विधेयक (Job Hunter's Bill of Rights)
  - कर्मचारी अधिकारों और नियोक्ता उत्तरदायित्वों का कथन (घरेलू या घर के काम के कर्मचारी)
  - NYC द्वारा सुरक्षित और बीमारी की छुट्टी हेतु भुगतान कानून
  - NYC कम्प्यूटर लाभ क़ानून
- आप्रवासी मामलों के मेयर का कार्यालय (MOIA): nyc.gov/immigrants पर जाएं और आप्रवासी कर्मी।
- लघु व्यवसाय सेवाएँ (SBS): करियर के लिए nyc.gov/sbs पर जाएं।
- मानवाधिकार आयोग: भेदभाव के बारे में शिकायत करने के लिए nyc.gov/humanrights पर जाएं या 311 पर संपर्क करें। *कार्य पर और घर पर, आप्रवासी व NYC मानवाधिकार* पढ़ें।

आप्रवासियों के लिए उपभोक्ता संरक्षण युक्तियाँ:

वित्त

सामान्य युक्तियाँ

- **एक बैंक या क्रेडिट यूनियन खाता खोलें।**
  - **NYC SafeStart खाता** एक सुरक्षित और किफायती स्टार्टर बचत खाता है। इसकी विशेषताओं में शामिल हैं:
    - कोई ओवरड्राफ्ट शुल्क नहीं
    - अगर आप न्यूनतम शेष राशि पूरी रखते हैं तो कोई मासिक शुल्क नहीं
    - वित्तीय संस्थान पर आधारित न्यूनतम शेष राशि $25 या उससे भी कम होनी चाहिए
    - ATM कार्ड या डेबिट कार्ड

    NYC SafeStart अकाउंट के बारे में अधिक जानकारी के लिए nyc.gov/dcwp पर जाएं या 311 पर संपर्क करें।
  - आप IDNYC के भागीदारबैंकों या क्रेडिट यूनियनों में से किसी एक में चेकिंग या बचत खाता खोलने के लिए IDNYC का उपयोग कर सकते हैं।

    शाखा स्थानों के लिए nyc.gov/idnyc पर जाएं या 311 पर संपर्क करें।

  सुरक्षित, किफायती चेकिंग खाते में क्या देखना है, इसके लिए पेज 9 देखें।
- **पैसा स्थानांतरण एजेंट हमेशा सबसे सस्ते विकल्प नहीं होते, इसीलिए मूल्यों की तुलना कर लें।** घर में पैसा भेजने के सबसे अच्छा तरीका खोजने के लिए वित्तीय संस्थानों में, पैसा स्थानांतरण कंपनियों/एजेंटों और ऑनलाइन पैसा स्थानांतरण सेवाओं में मूल्यों का अनुसन्धान करें। शुल्क और विनिमय दर देख लें, और साथ ही यह कि परिवार को कैसे और कहाँ पैसा मिलेगा।
- **स्वामित्व के लिए किराए पर व्यवसायों से बचें।** घरेलू चीज़ों के लिए स्वामित्व के लिए किराए पर व्यवसाय का इस्तेमाल करना बहुत महंगा होता है। औसतन, जो ग्राहक वस्तुओं को अपने पास रखने के लिए पर्याप्त समय के लिए किराए पर लेते हैं, वे दोगुनी से भी अधिक कीमत चुकाते हैं - 100 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक प्रतिशत दर (annual percentage rate, APR) के बराबर।[1] ये व्यवसाय मूल्यों को बहुत ज़्यादा कम नहीं करते। सर्वश्रेष्ठ सौदे के लिए खरीदारी करें।
- **प्रीपेड डेबिट कार्डों से सावधान रहें।** प्रीपेड डेबिट कार्ड आपको बजट में रहने में सहायता कर सकता है, लेकिन छिपे हुए शुल्क से सावधान रहें।
- **प्रतिदिन (Payday) ऋण न्यू यॉर्क में गैर-क़ानूनी हैं।** प्रतिदिन ऋण छोटी अवधि का ऋण होता है जो आम तौर पर आपके अगले भुगतान दिवस पर देय होता है। ऋणी बहुत उच्च शुल्कों और ब्याज दरों का भुगतान करते हैं। अगर आपको प्रतिदिन ऋण का प्रस्ताव मिलता है, तो कृपया इसकी न्यू यॉर्क राज्य के वित्तीय सेवाओं के विभाग में 1-800-342-3736 पर कॉल करके या dfs.ny.gov पर जाकर रिपोर्ट करें।

महत्वपूर्ण

अगर आपके पास किराए या किसी अन्य महत्वपूर्ण ज़रूरत के लिए पैसे नहीं है, तो विचार करने के लिए यहाँ कुछ विकल्प दिए गए हैं:

- नकद सहायता सहित मानव संसाधन प्रशासन (Human Resources Administration) (HRA) आपातकालीन सहायता कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानें। अधिक जानने के लिए 311 पर कॉल करें या nyc.gov/hra पर जाएं।
- क्रेडिट यूनियन या बैंक से छोटा ऋण लेने पर विचार करें। सबसे कम ब्याज दर खोजने के लिए छानबीन करना सुनिश्चित करें।
- अपने नियोक्ता से पेरोल अग्रिम के बारे में पूछें। लिखित नीति पढ़ें। सुनिश्चित करें कि लिया जाने वाला कोई शुल्क उचित है।
- परिवार या दोस्तों से छोटा ऋण माँगें।
- आपके क्रेडिट कार्ड प्रदाता से कभी-कभी नकद अग्रिम उपलब्ध रहता है। क्रेडिट यूनियन या बैंक ऋण की तुलना में इस पर ब्याज दर अधिक हो सकती है। सभी लागतों की तुलना करना सुनिश्चित करें।

- **चेक कैशर से बचें।** चेक कैशर के इस्तेमाल से फीस में औसतन $475 प्रति वर्ष का खर्च हो सकता है। सुरक्षित और किफायती बैंक और क्रेडिट यूनियन खाते चेक कैशरों के इस्तेमाल की तुलना में कम महंगे होते हैं।
- **अपने ऋण का नियंत्रण करें।** ऋण का फटाफट ढेर लग सकता है और यह आपकी क्रेडिट रिपोर्ट, आपकी अपार्टमेंट किराये पर लेने की क्षमता या घर खरीदने की क्षमता इत्यादि को क्षति पहुंचा सकता है। City आपको क्रेडिटरों और ऋण कलेक्टरों से सौदा करने में सहायता कर सकता है, भुगतानों को समेकित कर सकता है, और भुगतान योजना बना सकता है। निःशुल्क सहायता देखें।

[1] उपभोक्ता एवं श्रमिक संरक्षण विभाग (Department of Consumer and Worker Protection) (2021, अप्रैल)। *नया किराया-से-स्वामित्व: अधिक भ्रमित करने वाला, फिर भी महंगा, और आपके नजदीकी NYC स्टोर पर पेशकश की गई है। रही है।* https://www.nyc.gov/assets/dca/downloads/pdf/partners/Lease-To-Own-Report.pdf

सुरक्षित, किफायती चेकिंग खाते में क्या देखना चाहिए:

निःशुल्क या न्यून शुल्क

- ❑ मासिक रखरखाव या सेवा शुल्क जो $3 या इससे कम है
- ❑ नेटवर्क के अंदरूनी ATM का निःशुल्क इस्तेमाल
- ❑ डेबिट कार्ड इस्तेमाल करने का कोई शुल्क नहीं
- ❑ डेबिट कार्ड खरीद या ATM निकासी में कोई ओवरड्राफ्ट विकल्प नहीं

न्यूनतम और लेन-देन

- ❑ कम न्यूनतम बैलेंस और प्रारंभिक जमाराशि ज़रूरतें ($25 या इससे कम)
- ❑ निःशुल्क खाता बैलेंस जांच करने के बहुत सारे तरीके (ऑनलाइन, फ़ोन, टेक्स्ट सन्देश, ATM)
- ❑ यथोचित लेन-देन ज़रूरतों के लिए कोई मासिक शुल्क नहीं (उदारहण के लिए, सीधा जमा, ATM)

ख़बरदार...

शिकार बनाने वाले ऋण

- कुछ वित्तीय संस्थाएँ "नागरिकता" या "आप्रवासन" ऋण प्रदान करती हैं। ऐसा माना जाता है कि ये ऋण नागरिक बनाने के आवेदन और क़ानूनी फीस की लागत को कवर में सहायता करेंगे। अगर आप इस प्रकार के ऋण पर विचार कर रहे हैं, तो अनेक बैंकों और क्रेडिट यूनियनों में नियमों और शर्तों की तुलना करना सुनिश्चित करें। निःशुल्क सहायता देखें।
- यूज़्ड कार ऋण शिकार बनाने वाले ऋण के आम प्रकार हैं। अक्सर, ये ऋण, ऋण लेने वाले व्यक्ति के लिए ख़राब होते हैं। अन्य ऋणों की तरह, अपने लिए सर्वोत्तम पेशकश ढूँढ़ने के लिए अपना अनुसंधान करें और नियमों और शर्तों की तुलना करें।

आप्रवासियों को लक्ष्य करने वाले वित्तीय घोटाले

- **आशीर्वाद (Blessing) घोटाला:** कोई आपको बताता है कि आपके या आपके परिवार में किसी के साथ कुछ बुरा होने वाला है, जब तक कि आप अपने भाग्य पर आशीर्वाद प्राप्त न कर लें। आम तौर पर, "भाग्य" का मतलब होता है, नकदी और गहने। आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आपको अपना भाग्य बैग में लाना होगा। "आशीर्वाद"के दौरान, आपका भाग्य चुरा लिया जाता है। NYC में, इन घोटालों ने चीनी समुदाय को लक्षित किया है।
- **ऋण चक्र (Lending Circle) घोटाला:** कई आप्रवासी समुदायों के लिए, अनौपचारिक ऋण चक्र उस स्थिति में पैसा प्राप्त करने का तरीका होता है जब आपको बैंक या क्रेडिट यूनियन से पैसा नहीं मिल सकता। प्रतिभागी प्रत्येक महीने पैसे का भुगतान करते हैं। आपको तब भुगतान मिलता है जब आपकी बारी आती है। किसी ऋण चक्र में शामिल होने से पहले अपना अनुसंधान करें।
- **भविष्य बताने संबंधी (Fortune Telling) घोटाला:** न्यू यॉर्क में "भविष्य बताना" अवैध है। कोई भी आपका भविष्य बताने या आपको किसी अभिशाप से छुटकारा दिलाने के लिए पैसा नहीं ले सकता।

निःशुल्क सहायता

- NYC वित्तीय सशक्तिकरण केंद्र में निःशुल्क एक व्यक्ति से एक व्यक्ति की पेशेवर वित्तीय सलाह प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिए, अपने नज़दीक मुलाक़ात तय करने के लिए 311 पर कॉल करें या nyc.gov/TalkMoney पर जाएं।
- अपनी क्रेडिट रिपोर्ट की निःशुल्क प्रतिलिपि प्राप्त करें और उसकी ध्यान से समीक्षा करें। annualcreditreport.com पर जाएँ या 1-877-322-8228 पर टोल-फ्री कॉल करें।
- NYC आपके समुदाय में आपकी अपनी भाषा में सुरक्षित, मुफ्त आप्रवासन कानूनी जांच प्रदान करता है। nyc.gov/immigrants पर जाएं या 1-800-354-0365।
- शहर के Immigrant Business Initiative के माध्यम से अरबी, बंगाली, चीनी, हाईटियन क्रियोल, कोरियाई, रूसी और स्पेनिश में मुफ्त व्यावसायिक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। nyc.gov/immigrantbusinesses पर जाएं या 311 पर कॉल करें और आप्रवासियों के लिए व्यावसायिक सेवाएं (Business Services for Immigrants) के लिए पूछें।

अन्य संसाधन

- आप्रवासियों के लिए अन्य उपभोक्ता सुरक्षा युक्तियाँ पढ़ें:
  - रोज़गार एजेंसियाँ
  - आप्रवासन सहायता सेवाएँ
  - कर संबंधी तैयारी
- घोटालों के बारे में अधिक जानकारी के लिए nyc.gov/dcwp पर भी जाएं।
- आप्रवासी मामलों के मेयर का कार्यालय (MOIA): आप्रवासियों के लिए क़ानूनी और City सेवाओं के बारे में जानकारी के लिए nyc.gov/immigrants पर जाएं।
- लघु व्यवसाय सेवाएँ (SBS): nyc.gov/immigrantbusinesses पर जाएं या व्यवसाय मालिकों के लिए नि: शुल्क सेवाओं के बारे में जानने के लिए 311 पर संपर्क करें। NYC व्यवसाय समाधान केंद्र (Business Solutions Centers) और आप्रवासी व्यवसाय पहल SBS द्वारा संचालित की जाती हैं।

आप्रवासियों के लिए उपभोक्ता संरक्षण युक्तियाँ:

कर संबंधी तैयारी

इससे पहले कि आप आगे पढ़ें...

निःशुल्क सहायता प्राप्त करें।
City पात्र न्यू यॉर्क वासियों को NYC निःशुल्क कर तैयारी की पेशकश करता है। अधिक जानकारी के लिए nyc.gov/taxprep पर जाएं या 311 से संपर्क करें। निःशुल्क सहायता देखें।

सामान्य युक्तियाँ

अगर आप अपने कर फ़ाइल करने के लिए भुगतान-शुदा सहायक का उपयोग करते हैं, तो आपकी सहायता करने के लिए यहाँ युक्तियाँ दी गई हैं।

- **सुनिश्चित करें कि आपका कर सहायक पंजीकृत है।** न्यू यॉर्क राज्य में हर कर सहायक न्यू यॉर्क राज्य कराधान और वित्त विभाग (New York State Department of Taxation and Finance) के यहाँ अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। खोज-योग्य डेटाबेस के लिए tax.ny.gov पर जाएं।

  कार्य समय के दौरान 311 पर कॉल करें और यह देखने के लिए कि क्या व्यवसाय को कोई शिकायत मिली है उपभोक्ता और श्रमिक संरक्षण विभाग (Department of Consumer and Worker Protection, DCWP) में स्थानांतरित करने के लिए कहें, ।

- **अपने अधिकार जानें।** कर सहायक को यह अवश्य करना चाहिए:
  - आपके साथ कर तैयारी की सेवाओं पर कोई विचार-विमर्श शुरू करने से पहले आपको *कर सहायक के संबंध में उपभोक्ता अधिकार बिल* (Consumer Bill of Rights Regarding Tax Preparers) की निःशुल्क, ताज़ा, और पठनीय प्रतिलिपि दे। 12 भाषाओं *में कर तैयार करने वालों के संबंध में उपभोक्ता अधिकार बिल* के लिए nyc.gov/dcwp पर जाएं।
  - अपनी योग्यता, शुल्क, और यह बताएं कि वह सरकारी ऑडिट में आपका प्रतिनिधित्व करेगा या नहीं।
  - हर आयकर रिटर्न पर हस्ताक्षर करें।
  - आपको आपकी आयकर रिटर्न की प्रतिलिपि और सेवा की मदवार रसीद सेवा का विवरण दे।

  ऐसे आयकर रिटर्न पर कभी हस्ताक्षर न करें जो खाली, अपूर्ण, या पेंसिल से भरा गया है। इसे बाद में परिवर्तित किया जा सकता है।

- **अनुमान के बारे में पूछें और बताए गए मूल्य के साथ अपनी मदवार रसीद या विवरण की तुलना करें।** आपके पास अपने कर तैयार किए जाने *से पहले* अनुमान के लिए पूछने का अधिकार है। कर सहायक आपसे आपकी करों की देय राशि या आपकी प्रत्याशित धन-वापसी के आधार पर फीस नहीं ले सकते हैं।

- **धन-वापसी प्रत्याशा उत्पादों से बचें।** धन-वापसी प्रत्याशा जाँच (RAC) या धन-वापसी हस्तांतरण बाद में कर तैयारी फीस का भुगतान करने के महंगे तरीके हैं। धन-वापसी प्रत्याशा ऋण (RAL) अधिक ब्याज का ऋण है। ये उत्पाद आपकी धन-वापसी जल्दी नहीं करवाते।

महत्वपूर्ण

- RAL या RAC का उपयोग करने से आपका खर्चा होगा और आपको मिलने वाली धन-वापसी की कुल राशि कम हो जाएगी।
- ऋणदाता आपसे शुल्क और ब्याज ले सकता है। जो कर सहायक आपको ऋण की पेशकश करता है, वह आपका RAL आवेदन तैयार करने के लिए प्रभार या फीस नहीं जोड़ सकता।
- कर सहायक द्वारा आपके सामने यह दावा करना कि RAL "तत्काल धन-वापसी", "तीव्र धन-वापसी", "एक्सप्रेस धन-वापसी", "preFund", "तीव्र नगद" है, या किसी ऐसे अन्य समान शब्द से ऐसा दावा करना गैर-क़ानूनी है जो इस तथ्य को छिपाता है कि RAL ऋण है।
- आपका कर सहायक आपसे RAL निकालने की अपेक्षा नहीं कर सकता।

धन-वापसी के भुगतान में तेज़ी के लिए इलेक्ट्रॉनिक फ़ाइलिंग, सीधे जमा, और अन्य विकल्पों के बारे में पूछें। अगर आप सीधे जमा का उपयोग करते हैं, तो आपको अपनी संघीय कर धन-वापसी 8 से 14 कार्य-दिवस में मिल सकती है।

- **प्रीपेड और उपहार कार्डों के बारे में बारीक प्रिंट पढ़ें।** कुछ सहायक आपकी कुछ या पूर्ण धन-वापसी प्रीपेड या उपहार कार्ड में डालने की पेशकश करते हैं। यह जांच करना सुनिश्चित करें कि सहायक इस विकल्प के लिए कितनी फीस ले रहा है। इसके अलावा, कार्ड का उपयोग करने, उपयोग न करने, या रीलोड करने के फीस का पता करें; और साथ ही पता करें क्या कार्ड की मियाद समाप्त होने की कोई तारीख है; और अगर आप कार्ड खो देते हैं तो क्या होता है।
- **DCWP में शिकायत दर्ज करें।** DCWP में nyc.gov/dcwp पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें या अपनी भाषा में शिकायत दर्ज करने के लिए 311 पर संपर्क करें। शिकायत करने के लिए आपको अपना नाम या अपनी आप्रवासन स्थिति देने की ज़रूरत नहीं होती। *नोट*: अगर आप चाहते हैं कि DCWP आपसे संपर्क करे, तो आपको अपना नाम और पता देना होगा।

ख़बरदार...

शिकार बनाने वाले व्यवसाय

आपके कर चाहे कोई भी तैयार करे, आपकी धन-वापसी राशि समान होनी चाहिए। ऐसे सहायकों से सावधान रहें जो आपको बड़ी धन-वापसी दिलाने का दावा करते हैं।

आंतरिक राजस्व सेवा (INTERNAL REVENUE SERVICE) (IRS) घोटाला

आपको IRS से कॉल मिलती है जिसमें या धमकी दी जाती है कि आपको पैसे देने हैं, या आपको बहुत बड़ी धन-वापसी बकाया है।
कैच: आपको जानकारी या भुगतान की पुष्टि करने या उसे प्रदान करने की ज़रूरत होती है।

IRS कभी ये कार्य नहीं करेगा:

- *आपकी निजी या वित्तीय जानकारी के लिए आपको कॉल करना या ईमेल भेजना।*
- *उपहार कार्ड द्वारा भुगतान की अपेक्षा करना।*

निःशुल्क सहायता

- आप NYC निःशुल्क कर तैयारी सेवा के लिए योग्य हो सकते हैं, जिसमें IRS प्रमाणित VITA/TCE स्वयंसेवक के साथ ऑनलाइन फ़ाइलिंग और व्यक्तिगत रूप से फ़ाइलिंग शामिल है। आय पात्रता, अपना कर दाखिल करने के लिए जरूरी दस्तावेजों की सूची और साइट विवरण सहित अधिक जानकारी के लिए, nyc.gov/taxprep पर जाएं या 311 पर कॉल करें और कर तैयारी के लिए सहायता मांगें।

महत्वपूर्ण

- अपने कर फ़ाइल करने के लिए आप पहचान के सबूत के रूप में IDNYC का उपयोग कर सकते हैं।
- कुछ NYC निःशुल्क कर तैयारी साइटें आपको व्यक्तिगत करदाता पहचान संख्या (ITIN) के लिए आवेदन करने में सहायता कर सकती हैं। साइट विवरण देखें।
  - ITIN, IRS द्वारा जारी किया गया कर प्रोसेसिंग नंबर होता है। IRS विदेशी नागरिकों और ऐसे अन्य व्यक्तियों को ITINs जारी करता है जिनकी संघीय कर रिपोर्टिंग या फ़ाइलिंग अपेक्षाएँ होती हैं और जो सामाजिक सुरक्षा संख्या के लिए पात्र नहीं होते।
- अगर आप अपने लिए काम करते हैं, तो आपको सालाना कर दाखिल करना होगा और अनुमानित कर भुगतान त्रैमासिक करना होगा। NYC मुफ्त में कर तैयारी (Free Tax Prep) साइटें विशेष रूप से स्व-रोजगार के लिए आपके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करने के लिए मुफ्त संसाधन देती हैं, जिनमें शामिल हैं:
  - **व्यक्तिगत रूप से विशिष्ट कर तैयारी:** संघीय और न्यूयॉर्क राज्य की त्रैमासिक अनुमानित कर फाइलिंग को पूरा करने में सहायता प्राप्त करें।
  - **कार्यशालाएं:** टैक्स फाइलिंग और रिकॉर्डकीपिंग की सर्वोत्तम प्रथाओं की मूल बातें जानें।
  - **एक-पर-एक परामर्श:** अपने व्यवसाय के लिए विशिष्ट वैयक्तिकृत सहायता और साधन प्राप्त करें।
  - **टूलकिट और बहुत कुछ:** रिकॉर्डकीपिंग टेम्प्लेट और टिप्स प्राप्त करें। इसके अलावा, संपत्ति बनाने और अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद के लिए मुफ्त सिटी सेवाओं और संसाधनों से जुड़े रहें।

- कर की धन-वापसी का सर्वाधिक लाभ उठाने के लिए NYC वित्तीय सशक्तिकरण केंद्र में निःशुल्क पेशेवर एक व्यक्ति के साथ एक की वित्तीय सलाह प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिए अपने नज़दीक मुलाक़ात तय करने के लिए 311 पर कॉल करें या nyc.gov/TalkMoney पर जाएं।

अन्य संसाधन

- आप्रवासियों के लिए अन्य उपभोक्ता सुरक्षा युक्तियाँ पढ़ें:
  - रोज़गार एजेंसियाँ
  - वित्त
  - आप्रवासन सहायता सेवाएँ
- आप्रवासी मामलों के मेयर का कार्यालय (MOIA): आप्रवासियों के लिए क़ानूनी और City सेवाओं के बारे में जानकारी के लिए nyc.gov/immigrants पर जाएं।

टिप्पणियाँ

“न्यू यॉर्क वासियों का दैनिक आर्थिक जीवन सुरक्षित रखने और प्रवर्धित करने के लिए ताकि प्रगतिशील समुदायों की रचना की जा सके।”